# RESILIENT NJ
# रेरीटान नदी और खाड़ी समुदाय

कार्टरनेट, वुडब्रिज, पर्थ एम्बॉय, साउथ एम्बॉय, सेरिविले, साउथ रिवर और ओल्ड ब्रिज में चक्रवात सैंडी जैसे झंझावात और तटीय तूफान आते रहे हैं। समय के साथ-साथ बारिश, तटीय तूफान और ज्वार से बाढ़ आने से हालात बद से बदतर होने की संभावना है क्योंकि जलवायु परिवर्तन के कारण अधिक तेज बारिश के साथ समुद्र के स्तर में वृद्धि होती है।

**अप्रैल में शुरू**, Resilient NJ - रेरिटान नदी और खाड़ी समुदाय, परियोजना सरकार, व्यापार, बुनियादी ढांचा प्रदाताओं, इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और समुदाय संगठनों के साथ-साथ इस क्षेत्र में रहने, काम करने और खेलने वाले लोगों को एकजुट करती है ताकि जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए, वर्तमान और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए एक स्पष्ट कार्य योजना बनाई जा सके।

### "लचीलापन" क्या है?

लचीलेपन का अर्थ है बदलती परिस्थितियों के अनुकूल होते हुए चुनौतियों से निपटना। बाढ़ के संदर्भ में, तूफानों के बाद हमारा यही मतलब होता है कि "निपटने की कार्रवाई" और "बचने की कार्रवाई" के लिए मजबूत सामाजिक सामर्थ्य और बुनियादी ढांचे को आकार देते हुए आगे बढ़ा जाए।

### "जोखिम" क्या है?

बाढ़ जैसे प्रतिकूल प्रभावों वाले किसी खतरे की संभावना को जोखिम कहते हैं। बाढ़ के जोखिम में पानी से हमारे समुदायों को नुकसान और बाधा पहुंचाने की संभावना होती है। जब खतरा बढ़ता है तो बाढ़ का जोखिम बढ़ जाता है, जैसे कि समुद्र का जल-स्तर बढ़ जाता है या अधिक तेज बारिश होती है, या जब अधिक लोग नुकसान की चपेट में आ जाते हैं।

### RESILIENT NJ...

- **सर्वोत्तम उपलब्ध आंकड़ों, समावेशी निर्णय लेने वाले सिद्धांतों और आपसे प्राप्त जानकारी के उपयोग से बाढ़ के जोखिम से निपटने के लिए समाधान विकसित करेगा!**
- **वे गतिविधियां आयोजित करेगा जिनमें हमारी मौजूदा पर्यावरण को बदलने वाली परियोजनाओं से लेकर नई नीति तक, शिक्षा और समन्वय पहल तक शामिल हों।**
- **समुदाय के सदस्यों, व्यवसायों, गैर-लाभकारी संगठनों, सुविधाओं, बुनियादी ढांचा प्रदाताओं और हमारे क्षेत्र में अन्य लोगों के बीच लचीलेपन और अन्य मुद्दों पर भावी सहयोग के लिए संबंध विकसित करेगा।**

***समयबद्धता पर विवरण और Resilient NJ में शामिल होने की जानकारी के लिए इस विवरणिका के पीछे देखें।***




MIDDLESEX COUNTY • NJ

# RESILIENT NJ रेरीटान नदी और खाड़ी समुदाय परियोजना समयबद्धता

**मिल-जुलकर, हम निम्नलिखित चरण पूरा करके मौजूदा और भावी बाढ़ से निपटने के लिए एक मार्गदर्शिका बनाएंगे:**

**आरंभ**
**अप्रैल 2021**

**अंतिम योजना**
**मई 2022**

### दूरदृष्टि और प्राथमिकताएँ

हम 2070 में अपने क्षेत्र को कैसा देखना चाहते हैं? क्या वैसा ही रहना चाहिए और क्या बदलना चाहिए? हम पानी के साथ अपना संबंध कैसा देखना चाहते हैं?

### जोखिम और साधन

आज और भविष्य में (2070) बाढ़ से हमारे क्षेत्र में कौनसे पड़ोसी क्षेत्र और बुनियादी ढाँचे सबसे ज्यादा खतरे में हैं और रहेंगे? इन जोखिमों से निपटने के लिए हमारे पास क्या साधन हैं?

### संभावित समाधान

जोखिमों से निपटने और ज्ञात दूरदृष्टियां हासिल करने के लिए कौनसी नीतियां, कार्यक्रम या परियोजनाएं लागू की जा सकती हैं? किए गए समाधान हमारे क्षेत्र को कैसे प्रभावित करेंगे?

### कार्रवाई योजना

इन पर अमल करने में हम क्या कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध हैं? ये कार्य पूरे करने के लिए क्या ज़रूरी है? हमारे क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मदद के लिए कैसे कुछ कर सकता है?

## इसमें शामिल हों

परियोजना के इस चरण में आपसे प्राप्त जानकारी से हमारे क्षेत्र के भविष्य हेतु दूरदृष्टि विकसित करने में तो मदद मिलेगी ही, साथ ही आपके समुदाय के सबसे अधिक महत्वपूर्ण हिस्सों का पता लगाकर, संभावित विकल्प विकसित करते हुए उनका आकलन भी किया जा सकेगा।

### अभी भाग लेने के तरीके

- हमारी चर्चात्मक वेबसाइट: www.resilient.nj.gov/rrbc पर जाएं
- हमारा कार्यसाधक ऐप डाउनलोड करें (QR कोड स्कैन करें)
- Facebook, Twitter, या Instagram पर हमारे @ResilientRRBC खातों पर जाकर देखें
- दूरदृष्टि एवं प्राथमिकता सर्वेक्षण में अपने उत्तर दें
- ईमेल सूची में साइन-अप का उपयोग करके अद्यतन जानकारी पाएं
- 732-661-3808 पर हमारी बहुभाषी परियोजना हॉटलाइन पर कोई संदेश छोड़ें
- ResilientRRBC@dep.nj.gov पर हमारे परियोजना ईमेल पते पर प्रश्न भेजें
- यह विवरणिका दूसरों को भेजकर मदद में हाथ बटाएं!


***जल्द आ रहा है:***

- *आभासी सार्वजनिक बैठकें, चर्चा समूह, और अन्य TBD*

### IRYS ऐप डाउनलोड करें:

**सर्वेक्षण**

**ईमेल साइन-अप**




**iOS उपकरण**

**ANDROIDS**

